रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

Test Date	05/11/2026
Test Time	12:30 PM - 1:30 PM
Subject	RRB ALP 2026 CBT 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

Q.1 **इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।**

संख्या/प्रतीक 7 8 # ! 6 % $ @ 3 9

कूट I Z G N R K S X W M

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
7 8 # ! 6

Ans
✔ A. IZG©©
✘ B. IZG©R
✘ C. ISGNR
✘ D. IZGN©

Q.2 **इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।**

Q. पाँच विद्यार्थियों – अबीर, चार्वी, ध्रुविका, ईशान और फ़राह – ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए?

(I) ईशान ने ध्रुविका से अधिक अंक प्राप्त किए, जिसने चार्वी से अधिक अंक प्राप्त किए।
(II) फ़राह ने ईशान से कम लेकिन अबीर से अधिक अंक प्राप्त किए और अबीर ने ध्रुविका से अधिक अंक प्राप्त किए।

Ans
✘ A. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ B. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ C. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✔ D. कथन I और II दोनों मिलकर (और न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.3 एक खिलौने को ₹180 में बेचने पर 20% का लाभ प्राप्त होता है। उसका क्रय मूल्य कितना था?

Ans
✗ A. ₹170
✓ B. ₹150
✗ C. ₹140
✗ D. ₹160

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सी संरचनात्मक विशेषता, पादप को दृढ़ और सीधा रखने में सहायता करती है?

Ans
✗ A. पारदर्शी कोशिका द्रव्य
✗ B. पैरेन्काइमा ऊतक
✗ C. नम्य झिल्लियां
✓ D. कोशिका भित्ति की उपस्थिति

Q.5 यदि '+' और '−' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

333 − 84 × 4 ÷ 2 + 308 = ?

Ans
✓ A. 67
✗ B. 65
✗ C. 60
✗ D. 62

Q.6 सात बॉक्स A, B, C, D, G, H और I एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
A को C के ठीक ऊपर रखा गया है। G को I के ठीक ऊपर रखा गया है। केवल D को H के ऊपर रखा गया है। A के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है।
B और D के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✓ A. तीन
✗ B. एक
✗ C. दो
✗ D. चार

Q.7 एक व्यक्ति ने 2 वर्षों के लिए 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹56,000 का निवेश किया। 2 वर्षों के बाद उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 67,440
✗ B. 66,440
✗ C. 68,440
✓ D. 69,440

Q.8 △ABC में, D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 53° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 58° है। ∠AEB की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 95°
✗ B. 81°
✗ C. 87°
✗ D. 109°

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर YVYU एक निश्चित तर्क के अनुसार SPSO से संबंधित है। OLOK उसी तर्क के अनुसार IFIE से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए RORN दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✗ A. LJKN
✗ B. LIKH
✓ C. LILH
✗ D. LHKH

Black Book

Q.10 एक चींटी भोजन के स्रोत की ओर यात्रा करती है। वह कुल दूरी का 40% भाग 60 फीट/घंटा की चाल से, और शेष 60% भाग 90 फीट/घंटा की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए चींटी की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 74 फीट/घंटा

✗ B. 77 फीट/घंटा

✗ C. 76 फीट/घंटा

✓ D. 75 फीट/घंटा

Q.11 सौरव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 40 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 58 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 69 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 79 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ता है और 29 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans

✓ A. 21 km; पश्चिम की ओर

✗ B. 23 km; पूर्व की ओर

✗ C. 24 km; पूर्व की ओर

✗ D. 20 km; पश्चिम की ओर

Q.12 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। P की परीक्षा शुक्रवार को है। P और T के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। R की परीक्षा, Q की परीक्षा से ठीक पहले वाले दिन है, लेकिन सोमवार को नहीं है। U की परीक्षा, S की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है, लेकिन रविवार को नहीं है। V की परीक्षा, T की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। T की परीक्षा से पहले कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans

✗ A. एक

✗ B. तीन

✗ C. किसी की नहीं

✓ D. दो

Q.13 कोई परिवार ₹80 प्रति kg की दर से 4 kg तेल और ₹60 प्रति kg की दर से 6 kg तेल खरीदता है। तेल की प्रति kg भारित औसत मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹78

✗ B. ₹88

✓ C. ₹68

✗ D. ₹58

Q.14 72979 के सबसे निकटतम वह पूर्णांक कौन-सा है, जो 9 से विभाज्य है?

Ans

✗ A. 72980

✗ B. 72977

✗ C. 72978

✓ D. 72981

Q.15 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं के सेट का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
17 - 34 - 170 - 180
43 - 86 - 430 - 440

Ans

✗ A. 33 - 66 - 528 - 538

✗ B. 41 - 123 - 738 - 748

✗ C. 38 - 43 - 258 - 269

✓ D. 40 - 80 - 400 - 410

black book

Q.16 ABCD एक वर्ग है। M, भुजा AB की ओर इस प्रकार एक बाह्य बिंदु है कि त्रिभुज MAB एक समबाहु त्रिभुज है। $\angle AMD + \frac{1}{3}\angle MCD$ का मान कितना होगा?

Ans

✔ A. 40^o

✘ B. 50^o

✘ C. 60^o

✘ D. 45^o

Q.17 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

7 B 4 D 12 A 6 C 12 = ?

Ans

✘ A. 42

✘ B. 40

✔ C. 38

✘ D. 36

Q.18 यदि शब्द PIGEON के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans

✔ A. एक

✘ B. दो

✘ C. तीन

✘ D. एक का भी नहीं

Q.19 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 147 459 582 456 193 (दाएं)
(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6 है, दूसरा अंक = 9 है, और तीसरा अंक = 7 है)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans

✔ A. 6

✘ B. 4

✘ C. 2

✘ D. 8

Q.20 एक उल्टे शंकु की आकृति वाले पात्र की त्रिज्या 18 cm है। यह शंकु आंशिक रूप से तेल से भरा है, जो शंकु की नोक पर स्थित छिद्र से 45 मिनट में 1 cm^3 की दर से टपक रहा है। प्रारंभ में, तेल का स्तर शीर्ष से 6 cm नीचे है और तेल का पृष्ठ क्षेत्रफल 196π cm^2 है। शंकु को पूरी तरह से खाली होने में कितना समय लगेगा?

Ans

✘ A. 1092π

✔ B. 1029π

✘ C. 1290π

✘ D. 1209π

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन श्रव्य, अवश्रव्य और पराश्रव्य ध्वनियों को सही रूप में विभेदित करता है?

Ans

✘ A. श्रव्य, अवश्रव्य और पराश्रव्य ध्वनियों का आवृत्ति परास एकसमान होता है, परंतु उनकी प्रबलता भिन्न होती है।

✔ B.
श्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz और 20,000 Hz के बीच होती हैं, अवश्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz से कम होती हैं और पराश्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20,000 Hz से अधिक होती हैं।

✘ C.
श्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz और 20,000 Hz के बीच होती हैं, अवश्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20,000 Hz से अधिक होती हैं और पराश्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz से कम होती हैं।

✘ D.
श्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz से कम होती है, अवश्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20 Hz और 20,000 Hz के बीच होती है और पराश्रव्य ध्वनियों की आवृत्ति 20,000 Hz से अधिक होती हैं।

Q.22 A और B, एक व्यापार शुरू करते हैं जिसमें B, ₹1,80,000 का निवेश करता है। वर्ष के अंत में, कुल लाभ ₹95,000 प्राप्त होता है, और लाभ में A का हिस्सा ₹20,000 है। A द्वारा किया गया निवेश ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. ₹48,000
- ✘ B. ₹42,000
- ✘ C. ₹46,000
- ✘ D. ₹44,000

Q.23 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

UST : WPV
YMX : AJZ

Ans
- ✘ A. AYM : DWP
- ✔ B. CGB : EDD
- ✘ C. TKY : WGB
- ✘ D. HAM : KXP

Q.24 यदि एक मोबाइल फोन की मूल कीमत में 20% की वृद्धि करने के बाद उसे ₹12,000 में बेचा जाता है, तो उसकी मूल कीमत कितनी थी?

Ans
- ✘ A. ₹9,000
- ✘ B. ₹11,500
- ✔ C. ₹10,000
- ✘ D. ₹11,000

Q.25 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 पोल - A, W, V, G और E में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सा पोल सबसे छोटा है?
(I) E, W से छोटा है। G, A से छोटा है।
(II) G, E से लंबा है।

Ans
- ✘ A. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✘ B. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✘ C. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✔ D. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।

Q.26 एक परीक्षा में A, B, C, D और E के प्राप्तांक भिन्न-भिन्न हैं। E के प्राप्तांक, केवल 1 व्यक्ति से कम हैं। A के प्राप्तांक B से अधिक लेकिन D से कम हैं। B के प्राप्तांक सबसे कम नहीं हैं। सबसे कम प्राप्तांक किसके हैं?

Ans
- ✘ A. A
- ✘ B. E
- ✘ C. B
- ✔ D. C

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✘ A. MJ–LI
- ✘ B. JG–IF
- ✘ C. FC–EB
- ✔ D. WT–UU

black book

Q.28 किसी वन्यजीव अभयारण्य के वन आवरण में दो वर्षों तक 5% वार्षिक दर से वृद्धि होती है तथा तीसरे वर्ष में वन अग्नि (forest fire) के कारण 10% का ह्रास होता है। यदि वर्तमान वन क्षेत्रफल 99,225 हेक्टेयर है, तो इन परिवर्तनों से पूर्व प्रारंभिक वन क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) कितना था?

Ans
- ✔ A. 1,00,000
- ✘ B. 99,750
- ✘ C. 1,10,250
- ✘ D. 99,000

Q.29 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

MGG 9 KIJ -4 IKM -17 GMP -30 ?

Ans
- ✘ A. GYT -41
- ✘ B. KJU -44
- ✘ C. JIU -34
- ✔ D. EOS -43

Q.30 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
4 16 29 43 58 ?

Ans
- ✘ A. 77
- ✘ B. 70
- ✘ C. 75
- ✔ D. 74

Q.31 किसी दुकानदार ने ₹18,000 में छह एक जैसे मोबाइल फोन खरीदे। उसने उनमें से दो को ₹18,000 में बेच दिया। बेचे गए दो मोबाइल फोन पर उसका लाभ प्रतिशत कितना था?

Ans
- ✘ A. 150%
- ✘ B. 250%
- ✘ C. 100%
- ✔ D. 200%

Q.32 निषेचन पूर्ण होने के बाद, पुष्प का अंडाशय किसमें रूपांतरित हो जाता है?

Ans
- ✘ A. युग्मनज
- ✘ B. बीज
- ✘ C. बीजावरण
- ✔ D. फल

Q.33 शब्द KNIFERS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से चौथे अक्षर और दाईं ओर से पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✘ A. 6
- ✘ B. 3
- ✔ C. 7
- ✘ D. 9

Q.34 एक कार के रेडिएटर में 71% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 27% एंटीफ्रीज वाला 15 लीटर विलयन है। 71% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 92% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

Ans
- ✘ A. 32.46
- ✘ B. 33.99
- ✔ C. 31.43
- ✘ D. 27.86

black

Q.35 यदि $69^{0.63} = x$, $69^{0.6} = y$ और $x^z = y^2$ दिया गया है, तो z का मान _____के निकटतम है।

Ans
- ✗ A. 1.3
- ✗ B. 3.4
- ✓ C. 1.9
- ✗ D. 3.7

Q.36 शिवराज की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है, और उसकी पुत्री, उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योगफल 103 वर्ष था, तो शिवराज की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 61
- ✗ B. 55
- ✗ C. 68
- ✓ D. 69

Q.37 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
842 974 121 352 465
(उदाहरण के लिए, 697 लीजिए – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 10
- ✓ D. 8

Q.38 F, G, H, M, N और O एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
F और N के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। M और H के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। M के ऊपर कोई नहीं रहता है। N, H के नीचे, लेकिन O के ऊपर रहता है।
G किस तल पर रहता है?

Ans
- ✓ A. तल क्रमांक 4
- ✗ B. तल क्रमांक 2
- ✗ C. तल क्रमांक 3
- ✗ D. तल क्रमांक 5

Q.39 किसी कारखाने में पाँच श्रमिकों का मासिक वेतन (₹ में) 12,000, 15,000, 18,000, 17,000 और 16,000 है। उनके वेतन का समांतर माध्य क्या है?

Ans
- ✗ A. ₹17,200
- ✗ B. ₹16,500
- ✓ C. ₹15,600
- ✗ D. ₹18,000

Q.40 विवेक बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़कर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 18 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़कर 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 6 km पश्चिम की ओर
- ✗ B. 8 km पूर्व की ओर
- ✓ C. 3 km पश्चिम की ओर
- ✗ D. 6 km पूर्व की ओर

blackbook

Q.41 एक दुकान प्रत्येक ₹900 मूल्य वाली शर्ट पर 'एक खरीदें, दो मुफ्त पाएं' वाली स्कीम ऑफर कर रही है। यदि कोई ग्राहक इस ऑफर के अंतर्गत तीन शर्ट खरीदता है, तो प्रति शर्ट प्रभावी मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹600
- ✓ B. ₹300
- ✗ C. ₹450
- ✗ D. ₹900

Q.42 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के कूटों का अनुसरण सीधे तालिका में दिए गए अनुसार किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक 2 @ 9 5 $ & 3 % 7 # 4 8 1 6

कूट TF AJ LE WQ PD BU RS

शर्तें–

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूट परस्पर बदल दीजिए।

(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध कीजिए।

(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है, तो चौथे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध कीजिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?

8952$

Ans
- ✗ A. UAATQ
- ✗ B. UAJAL
- ✓ C. UAATL
- ✗ D. UAJTL

Q.43 निम्नलिखित में से कौन, मृदा से मूल में जल के प्रारंभिक संचलन को उत्पन्न करता है?

Ans
- ✗ A. खनिजों का निष्क्रिय अवशोषण
- ✓ B. मूल कोशिकाओं द्वारा आयनों का सक्रिय अंतर्ग्रहण
- ✗ C. गुरुत्वाकर्षण द्वारा जल को नीचे की ओर खींचना
- ✗ D. पत्तियों से स्थानांतरण

Q.44 निम्नलिखित श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 9 15 22 30 ?

Ans
- ✓ A. 39
- ✗ B. 37
- ✗ C. 38
- ✗ D. 40

Q.45 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) P W U T K B R E T W R O N E L A U J J U T L (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 6
- ✗ C. 7
- ✓ D. 5

Q.46 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. XSD
- ✗ B. RMH
- ✗ C. SNI
- ✗ D. EZU

blackbook

Q.47 एक नल एक टंकी को 6 घंटे में भरता है। दूसरा नल भरी हुई टंकी को 15 घंटे में खाली कर देता है। यदि खाली टंकी में दोनों नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी को आधा भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans

✗ A. 30

✗ B. 15

✗ C. 10

✓ D. 5

Q.48 निम्नलिखित का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

$(14pq + 7q)^2 - (14pq - 7q)^2$

Ans

✗ A. $196pq^2$

✗ B. $196p^2q^2$

✗ C. $392p^2q$

✓ D. $392pq^2$

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 33 और 46 दोनों से विभाज्य है?

Ans

✗ A. 83947

✗ B. 82369

✓ C. 81972

✗ D. 83018

Q.50 कोई श्रमिक एक घिरनी निकाय का उपयोग करके एक भार (लोड) को अपरिवर्ती चाल से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर उठाता है। यदि अनुप्रयुक्त आयास 100 N है और भार 200 N है, तो कौन-सा कथन निकाय का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✗ A. निकाय एक आदर्श मशीन है

✓ B. निकाय का यांत्रिक लाभ दो है

✗ C. निकाय का यांत्रिक लाभ एक है

✗ D. आयास, भार से अधिक है

Q.51 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) C G # E A @ $ R & U Ω T £ D J Y (दाएं)

यदि शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से चौथा होगा?

Ans

✗ A. D

✗ B. Y

✓ C. A

✗ D. C

Q.52 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 24 का संबंध 140 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 17 का संबंध 91 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans

✗ A. 160

✓ B. 154

✗ C. 153

✗ D. 148

Q.53 यदि शब्द SLACKEN के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक का भी नहीं
- ✗ D. तीन

Q.54 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
216 176 140 108 80 ?

Ans
- ✗ A. 62
- ✗ B. 61
- ✓ C. 56
- ✗ D. 58

Q.55 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\sec A + \sin A(1 + \tan A) + \cos A(1 + \cot A) - \sqrt{1 + \cot^2 A} + 1$$

Ans
- ✗ A. $\sec A + \sin A$
- ✗ B. $2\sec^2 A - 1$
- ✗ C. $\cos A + \operatorname{cosec} A$
- ✓ D. $2\sec A + 1$

Q.56 सात व्यक्ति, E, F, G, H, W, X और Y, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Y, W के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। H, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। X के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. F
- ✓ B. E
- ✗ C. H
- ✗ D. G

Q.57 उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी भुजाओं का अनुपात 7:12:14 है और परिमाप 264 मीटर है।

Ans
- ✗ A. $41\sqrt{2684}\ m^2$
- ✓ B. $48\sqrt{3135}\ m^2$
- ✗ C. $32\sqrt{1956}\ m^2$
- ✗ D. $24\sqrt{1005}\ m^2$

Q.58 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 8 का संबंध 40 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 60 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट : संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 150
- ✓ B. 130
- ✗ C. 120
- ✗ D. 140

Q.59 सात व्यक्ति A, B, C, I, J, K और L उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। J के बाएं केवल B बैठा है। B और A के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। I और K के बीच केवल C बैठा है और I, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. I
- ✗ B. C
- ✗ C. A
- ✓ D. L

black book

Q.60 जब सोडियम परमाणु एक इलेक्ट्रॉन का त्याग करता है, तो वह क्या बन जाता है?

Ans

✗ A. एक ऋणावेशित सोडियम आयन

✗ B. एक सोडियम अणु

✗ C. एक उदासीन सोडियम परमाणु

✓ D. एक धनावेशित सोडियम आयन

Q.61 A और B दो कोण इस प्रकार हैं कि $0 < B < A < \frac{\pi}{2}$ है। यदि $\tan(A + B) = \sqrt{3}$ और $\cos(A - B) = \frac{\sqrt{3}}{2}$ हो, तो $4\cos^2 A + 9\tan^2 2B$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 6

✓ B. 5

✗ C. 7.5

✗ D. 8.2

Q.62 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
48 A 3 C 7 B 2 D 18 = ?

Ans

✗ A. 10

✗ B. 4

✗ C. 7

✓ D. 12

Q.63 यदि ₹2000 को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है, तो 2 वर्षों के अंत में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

Ans

✗ A. ₹210

✓ B. ₹205

✗ C. ₹190

✗ D. ₹200

Q.64 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) **A F I E G M L A X F I E Q R T J I L U E Y H** (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans

✗ A. 4

✗ B. 1

✗ C. 3

✓ D. 2

Q.65 N, Q, K, L, T, P और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। N के बाद केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। L और N के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा, P के ठीक बाद वाले दिन है लेकिन N से पहले किसी दिन है। Q की परीक्षा रविवार को नहीं है। V की परीक्षा P के बाद नहीं है। Q के ठीक बाद वाले दिन किसकी परीक्षा है?

Ans

✗ A. V

✗ B. P

✗ C. N

✓ D. K

Q.66 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक + 4 9 5 8 7 2 @ % $

कूट E R G P Q A B K T V

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।

(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।

(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?

+ 4 9 5 8

Ans

✗ A. ERGPK

✗ B. PRGPQ

✓ C. QRGPE

✗ D. ERGPQ

Q.67 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दायीं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और D का निकटतम पड़ोसी G है। C, E के ठीक दायें पड़ोस में बैठा है। B और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

✗ A. तीन

✓ B. चार

✗ C. दो

✗ D. पांच

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से MLMN का संबंध POPQ से है। उसी तरीके से JIJK का संबंध MLMN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WVWX का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans

✓ A. ZYZA

✗ B. ZYYA

✗ C. ZXYA

✗ D. ZZYZ

Q.69 एक विद्यार्थी 20 kg के बक्से को 5 सेकंड में 2 मीटर ऊंची शेल्फ तक उत्थापित करता है। विद्यार्थी द्वारा उत्पन्न शक्ति ज्ञात कीजिए। ($g = 10\ m/s^2$ का उपयोग कीजिए।)

Ans

✗ A. 100 वाट

✓ B. 80 वाट

✗ C. 200 वाट

✗ D. 40 वाट

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

YUW 12, TPR 18, OKM 24, JFH 30, ?

Ans

✗ A. EBD 34

✗ B. EAD 34

✗ C. FAC 36

✓ D. EAC 36

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा, ऐल्डिहाइड समूह से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. HCOOH
- ✗ B. CH_3CH_2OH
- ✗ C. CH_3COOH
- ✓ D. CH_3CHO

Q.72 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

SEA CAZ LOT HAT

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, एक भी स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.73 यदि A और B के वेतन का अनुपात 3:2 है और A प्रति माह ₹18,000 अर्जित करता है, तो B का मासिक वेतन कितना है?

Ans
- ✓ A. ₹12,000
- ✗ B. ₹15,000
- ✗ C. ₹10,000
- ✗ D. ₹9,000

Q.74 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 7 ! + * @ % # 4 3 6

कूट UYQGE OZHCT

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
7 ! + * @

Ans
- ✗ A. OYQGE
- ✗ B. UZQGE
- ✗ C. UYOGE
- ✓ D. UYQGE

Q.75 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
4 B 5 D 44 A 4 C 7 = ?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 13
- ✓ C. 16
- ✗ D. 18

blackbook